ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

SAMPLE PAPER

FINAL EXAMS SESSION 2024 – 25

CLASS – VIII

TIME : 3 HRS **SUBJECT: HINDI** **M.M = 80**

निर्देश:- (क) इस प्रश्न पत्र के चार खंड है ।
(ख) चारों खंडो के उत्तर देना अनिवार्य है।
(ग) लिखावट साफ एवं सुंदर होनी चाहिए ।

भाग – क (पठन)

(1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें – **(10)**

जोसफ और स्टीफन दो भाई थे। वे फ्रांस के निवासी थे। एक दिन चूल्हे पर माँ को खाना पकाते समय उन्होंने पाया कि धुआँ राख को लेकर ऊपर उड़ता है। एक दिन उन्होंने एक लिफाफे में धुआँ भरा, तो वह उड़कर छत से जा टकराया। सन 1783 में दोनों भाइयों ने पहली बार एक मैदान में बड़ा-सा गुब्बारा ऊँचे स्थान पर रस्सों से बाँधा और उसके नीचे आग जला दी। गुब्बारे में धुआँ .भर गया और वह रस्सों को खींचने लगा। दोनों भाई रस्सों से लटक गए। उनके कहने पर एक आदमी ने उन रस्सों को काट दिया। देखते-देखते गुब्बारा ऊपर उड़ने लगा। यह गुब्बारा 900 मीटर की ऊँचाई तक उड़ा। इसके बाद एक दिन उन्होंने गुब्बारे के नीचे एक टोकरी बाँधी, जिसमें एक बतख, बकरी और कुत्ता था। इसमें गर्म हवा भरने पर वह तीनों को ले उड़ा और वापस आ गया। हवाई जहाने उड़ाने की दिशा में यह पहला कदम था।

(क) जोसफ और स्टीफन कहाँ के निवासी थे?
(ख) दोनों भाइयों ने गर्म हवा भरने का प्रयोग पहली बार कब किया?
(ग) पहली बार गुब्बारा कितनी ऊँचाई तक उड़ा?
(घ) दोनों भाइयों ने गुब्बारे में किस-किस को भेजा?
(ड) 'आग'का पर्यायवाची लिखें ।

(2) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :– **(5)**

जीवन में एक सितारा था, माना वह बेहद प्यारा था,
वह डूब गया तो डूब गया। अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे, जो छूट गए फिर कहाँ मिले,
पर देखो टूटे तारों पर, कब अंबर शोक मनाता है। जो बीत गई सो बात गई।

(क) जीवन में प्रिय व्यक्ति की तुलना किससे की गई है?
(ख) शोक करना व्यर्थ क्यों है?
(ग) तारे टूटने पर अंबर की क्या प्रतिक्रिया होती है?
(घ) इस काव्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखें ।
(ड) अंबर शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखें।

भाग – ख (व्याकरण)

(3) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का कौन – सा भेद है । **(2)**

(क) पुनीत चला जाएगा । (ख) सीता हंसती है।

(4) निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए । **(3)**

(क) माँ हमारा सारा काम करती है। **(भूतकाल)**
(ख) सुदामा डर गया होगा । **(वर्तमान काल)**
(ग) रीमा गाना गाती है। **(भविष्य काल)**

(5) दिए शब्दों को लिए नामधातु की क्रियाएँ लिखिए :– **(3)**

(क) हाथ (ख) बात (ग) शर्म

(6) नीचे दिए शब्द तत्सम है या तद्भव लिखिए । (2)

(क) बात (ख) गाँव

(7) कोष्ठक में दिए गए शब्दों को विशेषण रूप में बदलकर वाक्य पूरे कीजिए :– (2)

(क) अम्मों ने _______ दलिया बनाया है। (मिठास)

(ख) _______ उड़द की दाल बनी है। (कालिक)

(8) निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्न लगाकर दोबारा वाक्य लिखिए :– **(3)**

(क) श्री रामधरी सिंह दिनकर महान कवि है

(ख) तब्बू सौम्या और तान्या ने ताज महोत्सव में हिस्सा लिया

(9) मुहावरों और लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें :– **(5)**

(क) तीन पाँच करना **(ख)** पाँचों उगली घी में होना

(ग) मान न मान मैं तेरा मे हमान **(घ)** रगा सियार **(ड)** खोदा पहाड़ निकली चुहिया

<u>भाग – ग</u> (पाठ्य – पुस्तिका) **(30)**

(10) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक – दो वाक्यों में दो :– **(3x2=6)**

(क) कैसी पुस्तको का अध्ययन नहीं करना चाहिए ?

(ख) अब आप किसी भी काम को करने से पहले क्या – क्या करेंगे ?

(ग) पेशवा की धमकियों ने सावित्री बाई को और मज़बूत बना दिया । स्पष्ट कीजिए ।

(11) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– **(3x5=15)**

(क) विधवा स्त्री की बातों ने किस प्रकार सावित्री बाइ को समाज में स्त्रियों की दुर्दशा का आभास कराया ?

(ख) कार्यशाला के बाद बच्चों के व्यवहार में क्या अंतर आएगा ?

(ग) कवि के पहले पद्य से क्या संदेश मिलता है ?

(घ) अध्ययन के प्रति हमारी रूचि बढे, इसके लिए हमें क्या करना चाहिए ।

(ड) अध्ययन करते समय किन – किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

(12) दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें :– (5)

एड्स के क्या कारण है। ?

या

'मीठे वचन सुनाय, विनय सबहीं की कीजै ।' पंक्ति का आश्य स्पष्ट कीजिए ।

(13) दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सटीक उत्तर में (√) का निशान लगाएँ :– (4x1=4)

(क) विषय पर छानबीन करने से क्या लाभ हैं ?

(1) कठस्थ होना (2) चरित्र गठन में सहायक होना

(3) आनंद की प्राप्ति होना (4) ज्ञान में वृद्धि होना

(ख) कवि ने दौलत को किसके समान बताया है ?

(1) आग के समान (2) स्थिन न रहने वाले जंल के समान

(3) मज़बूत चट्टान के समान (4) धरती के समान

(ग) एड्स बिमारी से संबंधित कार्यशाला के लिए मैन ने स्वास्थ्य विभाग में फोन किया । यदि पेड़ – पौधों से संबंधित कार्यशाला करानी होती, तो किस फोन करती ?

(1) पुलिस विभाग (2) जल विभाग (3) वन विभाग (4) शिक्षा विभाग

(घ) स्त्री का नदी में कूदकर प्राणा त्यागना ये संकेत करता है कि –

(1) पारिवारिक कलह का बोलबाला था ।

(2) समाज में विधवा स्त्रियों की दशा असहनीय थी ।

(3) समाज में शिक्षा का अभाव था ।

(4) स्त्रियाँ मन से अत्यंत मज़बूत थीं।

(14) विद्यालय में होने वाली निबंध प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए सूचना तैयार कीजिए । (5)

(15) 'स्वच्छ भारत अभियान' पर नारा लेखन तैयार कीजिए । (5)

(16) विदयालय में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन' पर प्रतिवेदन तैयार कीजिए । (5)